अमर उजाला | मेरठ, बृहस्पतिवार, 22 अप्रैल, 2010

चेन लुटेरों के निशाने पर हैं दो कॉलोनी

गंगोह। बाइक सवार चेन स्नेचरों की नजर रामबाग कॉलोनी और मुहल्ला इशरा पर है। ज्यादातर वारदातें पाश कॉलोनी माने जाने वाले इन्हीं मुहल्लों में हुई हैं।

कसबे में सबसे पहली चेन लूट की वारदात 31 मार्च 2009 को रामबाग में महावीरी शर्मा से हुई थी। इसके कुछ ही दिन के बाद मुहल्ला इशरा में मिथलेश गर्ग के गले से बाइक सवारों ने चेन छीन ली थी। 16 मार्च को रामबाग की शीला देवी के गले से चेन छीन ली गई। एक अप्रैल को रामबाग कॉलोनी निवासी सविता के गले से चेन खींच कर बदमाश बाइक पर सवार होकर भाग गए।

16 अप्रैल को मुहल्ला इशरा में ही बैठक में बैठी किरण देवी से रास्ता पूछने के बहाने से बाइक सवार गले की चेन तोड़ ले गए थे। इसके बाद गुरुवार को भी इसी मुहल्ले में ही टीचर पूनम वर्मा से चेन लूट ली गई। विशेष बात यह भी है कि सभी घटनाएं दिनदहाड़े और दोपहर में ही अंजाम दी गई हैं।

रेनबो स्कूल में हुई कार्यशाला में छात्राओं को कथक नृत्य की बारीकियां सिखातीं नृत्यांगना महुआ शंकर।

बच्चियों ने समझीं कथक की बारीकियां

सहारनपुर। नन्हीं साधिकाओं के लिए यह कभी न भूलने वाला क्षण साबित हुआ। अंतरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त नर्तक पंडित बिरजू महाराज की शिष्या महुआ शंकर ने उन्हें कथक नृत्य की बारीकियां समझाईं। महुआ ने बड़े ही सहज और सधे अंदाज में बच्चियों को प्रशिक्षण दिया। बच्चियों ने तत्कार, भूमि नमस्कार, उत्पत्ति और नमन का महत्व जाना और गुरु शिष्य परंपरा से साक्षात्कार भी किया।

रेनबो स्कूल में 'स्पिक मैके' की कार्यशाला का बुधवार को शुभारंभ हो गया। विश्व नृत्य दिवस के उपलक्ष्य में हो रही कार्यशाला में कई छात्राएं 25 अप्रैल तक महुआ शंकर से कथक का प्रशिक्षण लेंगीं। शुभारंभ अवसर पर स्कूल की प्रिंसिपल नरगिस मलिक ने महुआ और उनकी टीम का स्वागत किया। स्पिक मैके के समन्वयक पंकज मल्होत्रा ने बच्चों को मनोयोग से ज्ञानार्जन के लिए प्रेरित किया।

कार्यशाला के पहले दिन महुआ ने कथक शैली के स्वरूप, महत्व पर प्रकाश डाला। नृत्य के एक-एक पक्ष को समझाने के साथ साधिकाओं को गुरु शिष्य परंपरा का भी महत्व बताया। संगत में नूपुर शंकर, गुलाम वारिस, सलमान, शैफाली, हरजीत और नरेश आदि शामिल रहे। महुआ ने शाम को आईपीटी सभागार में नृत्य प्रस्तुति भी दी। आईपीटी के विद्यार्थियों और शिक्षकों सहित अन्य कला प्रेमियों ने इसका आनंद लिया।

इट्स रियली ग्रेट!

सहारनपुर। कार्यशाला में कथक नृत्य की बारीकियां जानकर बच्चे अचंभित थे। कई नन्हीं साधिकाओं के लिए तो इस विशिष्ट नृत्य शैली से जुड़ने का यह पहला अनुभव था। उन्होंने पूरी दिलचस्पी से इसके बारे में जाना। छात्रा अपूर्वा सिंह ने कहा कि 'इट्स रियली ग्रेट! अब पता चला कि हमारे देश की सांस्कृतिक विरासत इतनी महान है।' स्पिक मैके की स्कॉलरशिप के लिए चयनित उभरती कलाकार मन्नत अरोड़ा और अन्य साधिकाओं का नजरिया भी ऐसा ही था।

आवासीय क्रीड़ा में प्रवेश प्रक्रि

● स्टाफ रिपोर्टर

सहारनपुर। खेल निदेशालय की ओर से विभिन्न खेलों में आवासीय छात्रावासों में वर्ष 2010-11 सत्र के लिए प्रवेश पाने के लिए अलग अलग आयु वर्ग के बालक बालिकाओं के चयन को ट्रायल शैड्यूल निर्धारित कर लिया गया है। यह ट्रायल जिला, मंडल और राज्य स्तर पर होंगे।

तैयारी

विभिन्न खेलों के ट्रायल का शेड्यू हुआ तैयार

जिला क्रीड़ा अधिकारी आले हैदर के अनुसार क्रिकेट बालक के अंडर 14 एवं 16 के जिलास्तर का ट्रायल तीन मई को, मंडल का पांच मई को और प्रदेश स्तर पर 8 से 13 मई को लखनऊ में होगा। वालीबाल बालक के लिए जिला एवं मंडल का ट्रायल इन्हीं तिथियों में और राज्य स्तरीय ट्रायल सुलतानपुर में 8 से 10 मई को होगा जबकि बालिका वर्ग के लिए 14 से 16 मई को फैजाबाद में राज्य स्तरीय ट्रायल होगा।

फुटबाल बालक के लिए जिला स्तरीय ट्रायल चार मई को, मंडल का छह मई को और राज्यस्तर का ट्रायल 8 से 13 मई को बहराइच में होगा। कुश्ती बालक में इन्हीं तिथियों में जिला, मंडल के बाद राज्य का ट्रायल 9 से 10 मई को फतेहपुर में होगा जबकि एथलेटिक्स बालक एवं बालिका में इसी तरह

मऊ में 1
मंडल वे
राज्यस्तर
का ट्रायल
टेनिस बा
13 मई
कबड्डी
इसी क्रम
पर छह म
14 से 1
में भी इस
से 13 म
से 16 म
13 मई स
जिलास्तर
को होगा
आगरा में
क्रम में ह

AMITY UNIVERSITY
LUCKNOW CAMPUS

AMITY UNIVERSITY
BECOMES